तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 जनवरी 2025

12 भक्त के वश में होते हैं भगवान : पं नवीन कृष्ण


11 पेटेचुआ पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल, बूढ़ाराव ...




## खबर संक्षेप

### फिजूलखर्ची का आरोप कोंहगाटोला के ग्रामीणों ने की जांच की मांग



**बालोद।** ग्राम कोंहगाटोला के ग्रामीणों ने 15 वें वित्त आयोग की राशि को फिजुल के कार्यों में खर्च करने का आरोप लगाते हुए उसकी जांच की मांग की है। मांग को लेकर उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम कोहंगाटोला के सरपंच व सचिव ने 15वें वित्त आयोग की राशि ग्रामों के विकास कार्यों के लिए शासन द्वारा प्रदान की जाती है, लेकिन राशि का सही खर्च न करके दुरूपयोग किया जा रहा है। इसलिए उपरोक्त 15वित्त आयोग की राशि खर्च किए जाने की जांच की जानी चाहिए।

### माहुद बी में मड़ई मेला 16 को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम माहुद बी में मड़ई मेला का आयोजन 16 जनवरी को किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए सरपंच बीके डॉ नारायण दास साहू ने बताया कि रात्रि में आजय माला नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### भानपुरी में क्रिकेट प्रतियोगिता 13 से

**गुरूर।** ग्राम भानपुरी में यंग स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 16 जनवरी तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 5501 रूपये रखा गया है। इसके साथ ही प्रत्येक मैच में मैन ऑफ दी मैच, मैन ऑफ दी सीरिज, बेस्ट बालर, बल्लेबाज व फिल्डर का ईनाम रखा गया है। समिति के अध्यक्ष टिकेश सलाम, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार, कोषाध्यक्ष जोगू कुमार सहित पूरी टीम प्रतियोगिता की तैयारी में लगी हुई है।

### भानपुरी में कबड्डी व चौसर प्रतियोगिता 12 को

**अंडा।** ग्राम भानपुरी में नवयुवक मंडल बाल किशोर दल द्वारा एक दिवसीय कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता 12 जनवरी को रखी गई है। इसके साथ ही मेला मड़ई का भी आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष आशीष शर्मा ने बताया कि रात में छत्तीसगढ़ी नाचा जय छत्तीसगढ़ मोर मयारू बेटा नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर गांव के भूतपूर्व खिलाड़ियों का भी सम्मान किया जाएगा। कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 7001, द्वितीय 5001, तृतीय 3001, चतुर्थ 2001 दिया जाएगा। इसी तरह चौसर में प्रथम पुरस्कार 3001, द्वितीय 2001, तृतीय 1501, चतुर्थ 1001 रूपए दिया जाएगा।

### किलेपार में दो दिवसीय रामायण सम्मेलन आज से

**गुण्डरदेही।** ग्राम किलेपार में नव युवक मित्र मंडल द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से 10 व 11 जनवरी को दो दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। डा यशवंत साहू ने बताया कि 10 जनवरी को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे, अध्यक्षता पूर्व सांसद मोहन मंडावी करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बालोद पवन साहू, पूर्व जिला भाजपा महामंत्री प्रमोद जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुण्डरदेही युवराज मार्कंडेय रहेंगे। 11 जनवरी को समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक कुंवर सिंह निषाद करेंगे। विशेष अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोनादेवी देशलहरा, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही सुचित्र साहू, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराम साहू व सेक्टर प्रभारी ब्लाक कांग्रेस गुण्डरदेही शिव कुमार साहू रहेंगे। वहीं, 12 जनवरी रविवार को ग्राम में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी चम्पा बसन लोककला की प्रस्तुति होगी।

---

## धान खरीदी : शिकारीटोला धान खरीदी केंद्र में अब तक 5 बार स्थगित करनी पड़ चुकी है खरीदी

# खरीदी केंद्र में क्षमता से 5 गुना ज्यादा धान, जगह की कमी से सड़क पर करनी पड़ी तौलाई, आज खरीदी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का परिवहन नहीं होने के कारण जगह के अभाव एवं बारदाना के कमी के कारण शुक्रवार 10 जनवरी को धान खरीदी बंद रहेगी। इस संबंध में सूचना चस्पा कर किसानों को सूचना दिए जाने की जानकारी मिली है। इससे 10 जनवरी को धान बिक्री करने के लिए लंबा इंतजार के बाद टोकन कटाए किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, तो वहीं धान खरीदी केंद्र में जगह नहीं होने से 9 जनवरी को परिसर के बाहर ही सड़क पर ही किसानों का धान खरीदा गया। शाम होते तक मजदूर खरीदे गए धान की बोरियों की सिलाई करते रहे। वहीं, वाहन आने पर परिसर के बाहर रखे धान का उठाव किया जा सकेगा। धान का उठाव नहीं होने पर रतजगा कर रखवाली करनी पड़ेगी।

धान खरीदी केंद्र के परिसर के अंदर धान के बोरों के स्टेक रखे गए हैं, तो वहीं खाली जगह पर धान के बोरों का अंबार लगा हुआ है। धान खरीदी के शुरुआत के दिनों में खरीदे गए धान का उठाव नहीं होने से धान के सूखने से वजन कम होने का भय सताने लगा है। मिली जानकारी के अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में निर्धारित क्षमता के 5 गुना से अधिक धान रखा हुआ है। ऐसा परिवहन की धीमी गति के कारण बताया जा रहा है। उक्त धान खरीदी केंद्र की क्षमता 8000 क्विंटल धान रखने की है, किंतु समाचार लिखे जाने तक 42700.74 क्विंटल धान रखा हुआ है। समर्थन मूल्य पर कुल 89189.20 क्विंटल धान खरीदा गया, जिसमे मोटा धान 38526.40 क्विंटल, पतला धान 40222.80 क्विंटल, सरना धान 10440 क्विंटल है। इनमें से मिलर को 17710 क्विंटल धान और संग्रहण केन्द्र को 28778.46 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

### खास बातें

- खरीदी केंद्र की कुल क्षमता 8000 क्विंटल
- अब तक कुल खरीदी 89189 क्विंटल
- अब तक उठाव 46400 क्विंटल
- वर्तमान में खरीदी केंद्र में है 42700 क्विंटल
- समय पर उठाव नहीं हो पाने के कारण किसानों व समिति संचालक हो रहे परेशान



### अब तक 21 करोड़ की धान खरीदी, 16 करोड़ का भुगतान, 5 करोड़ की ऋण वसूली

धान खरीदी केंद्र में पंजीकृत 1838 किसानों ने अपना धान बेचा है, जिसका कुल समर्थन मूल्य 20,59,39,616 रूपए है। इसमें से सोसायटी द्वारा दिए गए ऋण की 4,61,62403.90 रुपयों की वसूली की गई है तथा किसानों को 15,70,61,434.10 रुपयों का कुल शुद्ध भुगतान कर दिया गया है। वहीं, 27,15,778 रुपए किसानों को भुगतान करना शेष है।

### किसान चिंतित, कब आएगा नंबर


बता दें कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने से 10 जनवरी तक निर्धारित दिवस में लगभग 5 दिन धान खरीदी जगह के अभाव में समिति प्रबंधन द्वारा बंद करना पड़ा है। इससे उक्त पांचों दिवस टोकन कटाए किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि पहले तो टोकन कटाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी और धान बिक्री करने के लिए टोकन कटे दिवस में धान खरीदी बंद होने की सूचना ने परेशानी और बढ़ा दी। किसान चिंतित हैं कि अब हमारा नंबर कब आएगा और हम धान बेचेंगे? पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने शासन प्रशासन से किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने में आ रही समस्याओं का जल्द निराकरण करने, खरीदे गए धान का परिवहन जल्द कराने की मांग की है, ताकि धान खरीदी केंद्र में जगह होने से पंजीकृत किसान अपना धान बिक्री कर सकें।

---



# सड़क किनारे खड़े ट्रक को दूसरे ने ठोका, दोनों के परखच्चे उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्राम सिवनी में बालोद बाजार के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने रोड किनारे खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रोड किनारे खड़ा ट्रक पोस्टर लगाने के लिए बनाए एंगल और महिला समूहों के लिए बना वृन्दावन संकुल संगठन रिसोर्स सेक्टर के पिल्हर और गेट को तोड़ते हुए नाली में घुस गया। इससे दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गए हैं।

जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीजे 5284 जो सीमेंट भर कर झलमला से बालोद की ओर जा रहा था। तभी बालोद बाजार के पास रोड किनारे खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। इस घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। वहीं, ग्राम पंचायत सिवनी सरपंच ने बताया कि टक्कर मारने वाले ट्रक के मालिक से फोन के माध्यम से शासकीय नाली और वृन्दावन संकुल संगठन रिसोर्स सेक्टर के पिल्हर और गेट को ट्रक द्वारा टक्कर मार तोड़ने की बात कहने पर ट्रक क्रमांक 19 बीजे 5284 के मालिक द्वारा सभी क्षतिग्रस्त चीजों को बनाने की बात कही गई है।

---

# कंवर पंचायत ने ली अधूरे व उपेक्षित शौचालय की सुध, मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

### हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद जागा प्रशासन

खबर का असर



ग्राम पंचायत कंवर में बीते चार साल से अनुपयोगी व उपेक्षित पड़े सार्वजनिक शौचालय की सुध अब पंचायत ने ली है।

हरिभूमि ने उपेक्षित व अधूरे शौचालय के संबंध में समाचार प्रकाशित कर इस ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। ग्राम पंचायत कंवर में जनवरी 2021 में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया था। 3.50 लाख का यह शौचालय बीते 4 सालों से उपेक्षित एवं अधूरा पड़ा था, जनपद पंचायत द्वारा कथित तौर पर इसे पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिया था, इसकी जानकारी हरिभूमि को होने पर हरिभूमि ने 01.01.2025 के अंक में समाचार प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। उसके बाद प्रशासन हरकत में आया। ग्राम पंचायत ने कार्य पूर्ण होने के चार साल बाद कार्यस्थल का सूचना बोर्ड लगाया। अधूरे, ढक्कन रहित सैप्टिक टैंक में ढक्कन लगाया एवं टूट चुकी पाइप की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।वर्तमान में मरम्मत का कार्य चल रहा है।

### पानी की व्यवस्था बड़ी चुनौती

देखना यह है कि पंचायत क्या वास्तव में शौचालय को जन उपयोग के लाकर बनाने संकल्पित है या महज प्रशासन के दबाव में ही मरम्मत के कार्य कराकर बाहरी पूर्णता दिखाना चाहती है, क्योंकि पंचायत ने वर्तमान में शौचालय में ताला लगाकर रखा है। जहां शौचालय निर्माण किया गया है, वहां पानी की व्यवस्था ही नहीं है, न पास में तालाब है, न ही पंचायत द्वारा पाईपलाईन बिछाई गई है। इससे पानी की व्यवस्था पंचायत के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।

---

# फंदे पर लटकी मिली युवक की लाश

**बालोद।** दल्लीराजहरा के वार्ड नंबर 17 गाडरपुल रेलवे पटरी के पास बुधवार को पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका हुआ मिला है। इसकी सूचना वार्ड वासियों द्वारा राजहरा थाने में दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर पंचनामा कर आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं, मृतक के पास से मोबाइल एवं एक सुसाइड नोट मिला है। जानकारी अनुसार मृतक का नाम घनश्याम ठाकुर 45 वर्ष है, जो दल्लीराजहरा के वार्ड नंबर 15 का रहने वाला था। वहीं, घनश्याम ठाकुर बस स्टैंड में होटल का व्यवसाय करता था। वह मंगलवार से लापता था, जिसकी सूचना परिजनों ने राजहरा थाने में दी थी।

---

# सेमरिया नाला में स्टॉपडेम में पानी का बहाव रोकने के लिए तत्काल लगाएं गेट : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- परसोदा पहुँचे कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम परसोदा पहुँचकर सेमरिया नाला में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजागार गारंटी योजना अंतर्गत नवनिर्मित स्टॉप डेम कम रपटा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजागार गारंटी योजना के सहायक परियोजना अधिकारी ओमप्रकाश साहू से इस स्टॉप डेम कम रपटा से परसोदा गांव को मिलने वाली सिंचाई एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। सहायक परियोजना अधिकारी साहू ने बताया कि इस स्टॉप डेम कम रपटा के निर्माण होने से ग्राम परसोदा के लगभग 100 किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल रहा है। इसके अलावा गांव के किसानों को अपने खेतों तक बिना किसी अवरोध के आवागमन की सुविधा मिल रही है। चन्द्रवाल ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों को इस स्टॉप डेम कम रपटा में पानी के बहाव को रोकने के लिए तत्काल गेट लगाने के भी निर्देश दिए।

---

# पलारी में तीन दिवसीय मानस महोत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- महोत्सव में शामिल होने वाले लाखों श्रद्धालुओं के स्वागत में जुटे ग्रामीण



आज से प्रारंभ होने वाले मानस महोत्सव व्याख्यान माला के लिए नगर पलारी राम भक्तों के स्वागत के लिए सजकर तैयार हो गया है। मानस महोत्सव का पंडाल अपने अंतिम चरण में है। यहां प्रतिवर्ष तीन दिवसीय मानस महोत्सव में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचते हैं। मानस महोत्सव के दौरान पलारी पूरी तरह राममय हो जाती है। घरों के आंगन की गोबर की लिपाई कर रंगोली से सजाने, द्वार पर दीप माला जलाकर भगवान के आदर्शों व संदेशों को आत्मसात कर श्रद्धालु रामरस में डूब जाते हैं। आयोजन समिति भी इसे भव्य अध्यात्मिक रूप देने में कोई कसर नहीं छोड़ती। पलारी मानस प्रचार समिति द्वारा छ.ग प्रदेश स्तरीय त्रि दिवसीय संगीतमय दिव्य मानस महोत्सव व्याख्यान माला महाकुंभ का आयोजन 10 से 12 जनवरी तक किया गया है। वहीं, 12 जनवरी को रात्रि में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम की प्रस्तुती रखी गई है। समिति ▶▶| शेष पेज 11 पर

---

## गुरुवार को तय किया गया वार्ड पंच व जनपद सदस्य के पद के लिए आवंटन व आरक्षण

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज, शुरू हुई आरक्षण प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- सरपंच, जिला पंचायत सदस्य व जनपद पंचायत अध्यक्ष पद के लिए प्रक्रिया आज

जिले में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष व सदस्य एवं ग्राम पंचायत के सरपंच व पंच पदों के प्रवर्गवार एवं वर्गवार स्थानों के आबंटन व आरक्षण के लिए कार्यवाही आरंभ हो गई है।

इसके तहत 9 जनवरी को वार्ड पंच व जनपद सदस्य के पद के लिए आबंटन व आरक्षण तय किये गए। इसके लिए बालोद, गुरूर, डौण्डी, डौण्डीलोहारा में संबंधित जनपद पंचायत सभा कक्ष में व जनपद पंचायत गुण्डरदेही का आरक्षण श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन चैनगंज नगर गुण्डरदेही में प्रातः 11 बजे से की गई। वहीं, सरपंच, जिला पंचायत सदस्य व जनपद पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 10 जनवरी को




जिला पंचायत सभाकक्ष में 11 बजे से कार्यवाही आयोजित की जाएगी। बालोद जनपद पंचायत आरक्षण के तहत वार्ड/क्षेत्र क्रमांक 1 महिला सामान्य, वार्ड 2 महिला ओबीसी, वार्ड 3 महिला अनुसूचित जनजाति, वार्ड 4 अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड 5 महिला सामान्य, वार्ड 6 महिला अनुसूचित जाति, वार्ड 7 महिला सामान्य, वार्ड 8 अनुसूचित जनजाति, वार्ड 9 महिला अनुसूचित जनजाति, वार्ड 10 महिला सामान्य, वार्ड 11 सामान्य, वार्ड 12 सामान्य, वार्ड 13 सामान्य, वार्ड 14 महिला अनुसूचित जनजाति, वार्ड 15 सामान्य, वार्ड 16 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किया गया है।

### जनपद पंचायत गुरूर

जनवद पंचायत गुरूर में क्षेत्र क्रमांक 01 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त रहेगा, जिसमे ग्राम अरमरीकला, कोसागोंदी, पिकरीपार सम्मिलित है, क्षेत्र कमांक 02 अनारक्षित मुक्त होगा जिसमे ग्राम अरकार, डोटोपार, हसदा है, क्षेत्र कमांक 03 अनारक्षित मुक्त है, जिसमे ग्राम देवकोट, भिरई को सम्मिलित किया गया है। क्षेत्र क्रमांक 04 पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए आरक्षित है जिसमे सनौद, सांगली, ओझागहन, बोहारा है। क्षेत्र क्रमांक 05 अनारक्षित मुक्त होगा जिसमें ग्राम भोथली, मोहारा, जेवरतला, डांडेसरा सम्मिलित है, क्षेत्र कमांक 06 अनारक्षित मुक्त है जिसमे ग्राम बासीन, डढ़ारी, गंगोरीपार, बोड़रा सम्मिलित है। क्षेत्र कमांक 07 अनुसूचित जाति महिला आरक्षित होगा, जिसमे ग्राम कंवर, पेंण्डरवानी है। क्षेत्र क्रमांक 08 अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है जिसमे ग्राम खुंदनी, अकलवारा, परसुली, सरबदा सम्मिलित है। क्षेत्र क्रमांक 09 अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है जिसके अंतर्गत धनेली, भूलनडबरी, बोरतरा सम्मिलित है। क्षेत्र क्रमांक 10 अनारक्षित महिला होगा जिसके अंतर्गत ग्राम भानपुरी, सुर्रा, रमतरा, पेंवरो आते हैं। क्षेत्र क्रमांक 11 अनारक्षित महिला होगा जिसके अंतर्गत ग्राम सोरर, अर्जुनी, सोहपुर सम्मिलित है। क्षेत्र क्रमांक 12 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित है जिसके अंतर्गत छेड़िया, भरदा, घोघोपुरी, बगदई, धोबनपुरी है। क्षेत्र क्रमांक 13 अनुसूचित जनजाति मुक्त किया गया है जिसमे ग्राम तार्री, धनोरा, सोनईडोंगरी, टेंगना बरपारा, कपरमेटा सम्मिलित है। क्षेत्र कमांक 14 अनारक्षित महिला है जिसके अंतर्गत ठेकवाडीह, दुपचेरा, दर्रा, खर्रा आते है। क्षेत्र क्रमांक 15 ▶▶| शेष पेज 11 पर

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➡ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➡ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➡ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### एचएमपीवी पर गाइडलाइन जारी

रायपुर। स्वास्थ्य विभाग ने एचएमपीवी के लक्षण और पहचान के लिए तमाम मेडिकल कालेज और जिला अस्पतालों को गाइडलाइन जारी कर दी है। इसमें उल्लेख किया गया है कि अस्पताल में आने वाले श्वसन रोग से संबंधित इंफ्लुएंजा के मरीजों की जानकारी निर्धारित पोर्टल में इंट्री की जाए। इसके लक्षण में खांसी, गले में खराश, नाक बहना शामिल है। इसके बचाव के लिए लगातार साबुन से हाथ धोना, मास्क का उपयोग तथा श्वसन तंत्र की समस्या होने पर घर रहने निर्देशित किया है।

### कटारिया पहुंचे जिला अस्पताल



रायपुर। स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने मंगलवार की शाम जिला अस्पताल पंडरी का दौरा किया। उन्होंने हमर लैब, सीटी स्कैन के बारे में जानकारी लेने के बाद भर्ती मरीजों भी चर्चा की। निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को दूर करने का निर्देश उन्होंने दिया। इस दौरान उनके साथ संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डा. प्रियंका शुक्ला, उपसंचालक डा. डीके तुर्रे, सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी सिविल सर्जन सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

### कलेक्टर ने बाइकर्स को रोका 5 हजार का कटवाया जुर्माना



रायपुर। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह बुधवार को नगर निगम मुख्यालय के सामने तेज आवाज बाइक दौड़ा रहे युवक को रोका और ट्रैफिक पुलिस के माध्यम से कार्रवाई कराते हुए उसका 5 हजार रुपए का चालान कटवाया। कलेक्टर अपनी शासकीय गाड़ी से खो-खो पारा जाने के लिए गाड़ी में बैठने निगम मुख्यालय से नीचे उतरे। इसी दौरान निगम मुख्यालय के सामने से तेज आवाज में बाइक दौड़ा रहे गुढ़ियारी निवासी अमन यादव को रोका और तत्काल उस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने अमन के खिलाफ 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

### 2 दिन में 1 लाख 75 हजार रुपए का जुर्माना

रायपुर। नगर निगम ने दो दिन में राजधानी रायपुर के कई वार्डों में ठीक से सफाई नहीं करने, दुकानों में डस्टबिन नहीं मिलने, ठेका सफाई कामगारों की निर्धारित से कम संख्या में उपस्थिति मिलने पर कार्रवाई करते हुए 1 लाख 75 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया है। कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष निगरानी की जा रही है। इसके तहत कार्य में लापरवाही बरतने वाले निगम व सफाई ठेकेदार, कर्मचारी से लेकर आम लोगों पर भी कार्रवाई करते हुए उनसे जुर्माना वसूल किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को बुधवार को सभी जोन क्षेत्रों के वार्डों में विभिन्न स्थानों पर गंदगी पाए जाने पर, दुकानों में डस्टबिन नहीं मिलने तथा अनुबंधित सफाई ठेकेदारों के ठेका सफाई कामगार निर्धारित संख्या से कम संख्या में ड्यूटी पर मिलने के मामले में कार्रवाई कर निगम ने 1 लाख 75 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है।

### सनातन एकता यात्रा 23 को

रायपुर। हिन्दू राज परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा आगामी 23 जनवरी को सनातन एकता यात्रा 2025 का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत राजधानी रायपुर के मोतीबाग चौक स्थित श्री बैद्यनाथ धाम मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। हिन्दू राज परिषद के जिला महामंत्री राजीव त्रिपाठी ने बताया कि सनातन एकता यात्रा की तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं। इसके लिए प्रथम निमंत्रण दूधाधारी मठ मंदिर में भगवान के श्री चरणों में अर्पित किया गया। इस अवसर पर दूधाधारी मठ मंदिर के प्रधान पुजारी व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम अवतार दास, विशिष्ट अतिथि रमाकान्त यादव, हिन्दू राज परिषद के संस्थापक भागीरथी नायक, प्रदेश अध्यक्ष आयुष देवांगन सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एचएमपीवी की निगरानी करेगी महामारी नियंत्रक की 5 सदस्यीय तकनीकी कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

चीन के उत्तरी इलाके में असर दिखा रहे ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) का छत्तीसगढ़ में होने वाले असर की निगरानी के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पांच सदस्यीय तकनीकी टीम का गठन किया है। महामारी नियंत्रक के नेतृत्व में बनाई गई कमेटी वर्तमान स्थिति का गठन कर रोकथाम के लिए गाइडलाइन तैयार करेगी। एचएमपीवी को लेकर घबराने की बात नहीं होने की जानकारी सामने आ चुकी है, मगर इसे लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों को जागरूक रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसे लेकर छत्तीसगढ़ में इसका फैलाव रोकने और संक्रमण की वर्तमान स्थिति की निगरानी करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम का गठन किया गया है। कमेटी इसे लेकर लोगों को जागरूक करने तथा आवश्यक सुझाव देने के लिए गाइडलाइन तैयार करेगी। कमेटी के अध्यक्ष संचालक महामारी नियंत्रण डा. एसके पामभोई को बनाया गया है।

सदस्यों के रूप में उपसंचालक डॉ. खेमराज सोनवानी, उपसंचालक डॉ. धर्मेन्द्र गहवई, राज्य सलाहकार आईडीएसपी आकांक्षा राणा तथा राज्य सलाहकार आईडीएसपी चयनिका नाग को शामिल किया गया है। यह तकनीकी समिति राज्य में वायरस के संबंध में समय-समय पर अपना प्रतिवेदन अभिमत स्वास्थ्य विभाग को प्रस्तुत करेगी।

## वर्तमान स्थिति, रोकथाम के लिए बनाएगी गाइडलाइन

### सर्दी-जुकाम, गंभीर को निमोनिया

विशेषज्ञों के मुताबिक एचएमपीवी का मुख्य संक्रमण श्वसन तंत्र से होता है। इसकी वजह से सर्दी-जुकाम की समस्या सामान्य है, वहीं गंभीर स्थिति में यह निमोनिया अथवा ब्रोंकाइटिस का कारण बन सकता है। चिकित्सकों के अनुसार यह संक्रमण बहुत कम मामलों में गंभीर होता है।



फाइल फोटो

### मास्क और सोशल डिस्टेंस कारगर

चिकित्सकों के अनुसार इसके लिए अभी किसी तरह की गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। वैसे इसके बचाव के लिए मास्क और सोशल डिस्टेंस काफी कारगर हो सकता है। यह वायरस भी संक्रमित व्यक्ति की छींक के जरिए बाहर आने वाले जलकण के संपर्क में आने वाले दूसरे व्यक्ति को प्रभावित कर सकता है।

## विदेशी अकाउंट में ट्रांसफर रकम रीकवर करने में मिलेगी मदद

# इंटरनेशनल साइबर फ्रॉड रोकने अब भारतपोल की मदद लेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

इंटरनेशनल साइबर फ्रॉड पर लगाम लगाने स्थानीय पुलिस विवेचना करने अब सीधे तौर पर भारतपोल की मदद लेगी। शेयर ट्रेडिंग तथा क्रिप्टो करेंसी के नाम से ठगी के मामलों में बड़ी राशि विदेशी अकाउंट में ट्रांसफर की जाती है। इस वजह से जालसाजों की गिरफ्तारी के बाद भी पुलिस ठगी की रकम रीकवर नहीं कर पाती। भारतपोल के माध्यम से स्थानीय पुलिस विवेचना की जानकारी साझा कर विदेशी खाता में ट्रांसफर की गई रकम होल्ड कराने के साथ वापसी के लिए प्रोसेस आगे बढ़ा सकती है। राज्य के अलग-अलग जिलों में एक दर्जन के करीब ऐसे साइबर ठगी के मामले हैं, जिनमें विदेशी अकाउंट में रकम ट्रांसफर की गई है। इनमें रायपुर के दो ठगी के प्रकरणों में विदेशी अकाउंट में रकम ट्रांसफर हुई है।

भारतपोल एप को लेकर अलग-अलग पुलिस अफसरों से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि ऐप लांच होने से किसी भी तरह की आपराधिक घटनाएं, जिनमें विदेशी लिंक मिलता है, उसकी स्थानीय स्तर पर आसानी से पड़ताल की जा सकती है। पुलिस अफसरों के अनुसार एप की डिटेल आने के बाद इंटरपोल पुलिस से कैसे मदद ली जा सकती है, इस संबंध में जानकारी मिल पाएगी। पुलिस अफसरों के अनुसार साइबर फ्रॉड की घटना को सुलझाने में भारतपोल माइल स्टोन होगा।

### सीधे इंटरपोल से संपर्क

किसी अपराधी के विदेश भागने या विदेश में होने की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस अलग-अलग चैनलों के माध्यम से इंटरपोल से रेड कार्नर नोटिस जारी करवाती है। इसके कारण अपराधी आसानी से फरार हो जाता है। इसी तरह किसी अपराध में विदेशी लिंक मिलने पर पुलिस को विवेचना में देर होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सीबीआई ने देश के सभी राज्यों की पुलिस को सीधे तौर पर इंटरपोल से जोड़ने मंगलवार को भारतपोल एप लांच किया है। भारतपोल एप केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाथों लांच कराया गया है।

## महादेव सट्टा एप के प्रमोटर की गिरफ्तारी के लिए स्थानीय पुलिस भारतपोल में भेज सकती है रिमाइंडर

### साइबर ठगी की जांच में मिलेगी मदद

साइबर ठगी का नेटवर्क वैश्विक स्तर पर संचालित हो रहा है। शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्र इंटरनेशनल साइबर ठगों की जद में है। इस वजह से साइबर ठगी के कई मामले पेंडिंग रह जाते हैं। पुलिस अफसरों के अनुसार साइबर ठगी में विदेशी लिंक मिलने पर अब सीधे तौर पर भारतपोल एप की मदद से आगे की पड़ताल की जा सकेगी।



फाइल फोटो

### रवि, सौरभ के लिए भेजेंगे रिवाइंडर

महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर तथा रवि उप्पल दुबई में छिपे बैठे हैं। सट्टा एप के प्रमोटरों के लिए रेड कार्नर नोटिस जारी होने के साथ उनके प्रत्यर्पण के लिए केंद्र सरकार पहले ही दुबई सरकार के संपर्क में हैं। स्थानीय पुलिस अफसरों के अनुसार भारतपोल की प्रक्रिया समझने के बाद जरूरत पड़ने पर सौरभ तथा रवि के प्रत्यर्पण के लिए इंटरपोल को रिमाइंडर भेजा जाएगा।

### आईडी, पासवर्ड के बाद पता चलेगा किस स्तर के अधिकारी शामिल होंगे

भारतपोल के माध्यम से इंटरपोल की मदद लेने स्थानीय पुलिस के किस स्तर के अधिकारी अधिकृत होंगे, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। पुलिस अफसर आईडी, पासवर्ड जनरेट होने के बाद कुछ बता पाने की बात कह रहे हैं। इंटरपोल की मदद लेने भारत पोल ऐप ऑपरेट करने इंस्पेक्टर अथवा राजपत्रित पुलिस अधिकारी अधिकृत किए जा सकते हैं।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है: भीम सिंह




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) फेस-4 के तहत राजधानी रायपुर में ईस्ट जोन क्षेत्रीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हुआ। दो दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य योजना के विभिन्न पहलुओं, नवीनतम तकनीकों, कार्यान्वयन प्रक्रिया और गुणवत्ता प्रबंधन पर चर्चा करना है।

कार्यशाला की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ के सचिव भीम सिंह ने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना ग्रामीण विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस प्रकार की कार्यशालाएं योजना के सुचारू कार्यान्वयन और गुणवत्ता सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होती है। भारत सरकार ने पीएमजीएसवाय-IV योजना प्रारंभ की है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य सामान्य क्षेत्रों में 500प्लस जनसंख्या वाली असंबद्ध बसाहट, आदिवासी क्षेत्रों में 250 प्लस जनसंख्या वाली असंबद्ध बसाहट और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 100-249 जनसंख्या वाली असंबद्ध बसाहट को जोड़ना है। इसके साथ ही सड़कों में आने वाले वृहद पुलों का भी निर्माण किया जाएगा। इस कार्यशाला में झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और बिहार के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता एवं अन्य अभियंता शामिल हुए।

### सफल कार्यान्वयन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा की

कार्यशाला के पहले दिन प्रतिभागियों को उन्नत तकनीकों के उपयोग, हरित निर्माण विधियों, और गुणवत्ता प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता सुधार, सतत निर्माण तकनीकों के उपयोग, और परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रमुख अभियंता केके कटारे भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्रालय के डायरेक्टर केएम सिंह, एएनआईडीए के डिप्टी डायरेक्टर सुनील गुप्ता, डायरेक्टर विशाल श्रीवास्तव, ग्रामीण विकास मंत्रालय रंजन सैनी, विशाल कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अंतत : रविवि ने बदली बीकॉम की समय-सारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




खबर का असर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने अंततः बीकॉम की समय-सारिणी में बदलाव कर दिया है। पूर्व निर्धारित तिथियों के अनुसार, बीकॉम और चार्टर्ड अकाउंटेड की परीक्षाओं की तिथियों में टकराव हो रहा था। इसे देखते हुए छात्रों संग महाविद्यालयों ने भी विश्वविद्यालय के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज की थी और तिथियों में बदलाव की मांग की थी। समय-सारिणी में बदलाव ना होने की स्थिति में विद्यार्थियों को बीकॉम अथवा सीए, दोनों में से किसी एक परीक्षा को छोड़ना पड़ता। वाणिज्य संकाय के छात्रों की समस्या को देखते हुए हरिभूमि ने इस मामले को प्रमुखता के साथ उठाया था। जिसे संज्ञान लेते हुए रविवि ने अंततः समय-सारिणी परिवर्तित कर दी है। नए संशोधित समय सारणी के अनुसार वीएसी संबंधित प्रश्नपत्र 15 जनवरी के स्थान पर 17 जनवरी को होगा। जेनेरिक इलेक्टिव संबंधित प्रश्न पत्र 18 जनवरी के स्थान पर 6 फरवरी को होगा। अन्य विषयों के प्रश्नपत्र की परीक्षा पूर्व में घोषित समय सारणी के अनुसार रहेगी। रविवि ने नवीन समय-सारिणी महाविद्यालयों को प्रेषित करने के साथ ही अपने आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी है।

### दूसरी बार संशोधन

रविवि द्वारा समय-सारिणी में किया गया यह दूसरा संशोधन है। इसके पूर्व टाइम-टेबल जारी करने के कुछ दिन पश्चात ही रविवि ने समय में बदलाव करते हुए नया टाइम-टेबल जारी किया था। रविवि ने एक ही संकाय के मुख्य विषयों की परीक्षाएं पृथक समय में रखी थी, जबकि जेनेरिक इलेक्टिव विषयों के लिए पृथक समय तय किया गया था। छात्रों में निर्मित हो रही असमंजस की स्थिति को देखते हुए रविवि ने बाद में सभी विषयों का परीक्षा समय एक ही कर दिया था।

# बीएड सहायक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ मुक्तिमोर्चा का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- रैली बिरगांव के शहीद स्कूल से शुरू होकर पूरे बिरगांव क्षेत्र में निकाली गई
- सामाजिक संगठन सभी उनकी मांगों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं

बीएड सहायक शिक्षक अपनी सेवा सुरक्षा और स्थायित्वकी मांग को लेकर लगातार 21 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे है। उनकी मांगों को समाज के विभिन्न वर्गों और संगठनों ने व्यापक समर्थन मिल रहा है। चाहे वह शिक्षक संघ हो, कर्मचारी संघ हों, अथवा सामाजिक संगठन सभी उनकी मांगों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग सहित कई वर्गों ने भी इस आंदोलन का समर्थन किया है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ मुक्तिमोर्चा ने सहायक शिक्षकों के समर्थन में एक आमसभा का आयोजन किया। इसके साथ ही उनकी सेवा सुरक्षा और अधिकारों की मांग को लेकर एक भव्य रैली काआयोजन किया गया। यह रैली बिरगांव के शहीद स्कूल से शुरू होकर पूरे बिरगांव क्षेत्र में निकाली गई। रैली के माध्यम से बीएड सहायक शिक्षकों की समस्याओं और उनकी जायज मांगों को लेकर जागरूकता फैलाई गई। छत्तीसगढ़ मुक्तिमोर्चा का यह प्रयास शिक्षकों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# आयुष्मान कार्ड से भुगतान नहीं, अब बड़े अस्पताल भी इलाज से खड़े करने लगे हाथ

- छोटे और मंझोले अस्पताल पहले ही इलाज से कर चुके इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों को निशुल्क उपचार देने वाले अस्पतालों का 1500 करोड़ से ज्यादा का भुगतान बाकी है। लंबे इंतजार और किसी तरह की ठोस पहल नहीं होने की वजह अब प्रदेश के कई बड़े अस्पताल भी मरीजों के इलाज से हाथ खड़े करने लगे हैं। छोटे और मंझोले हास्पिटल भी आर्थिक स्थिति का रोना रोकर ऐसे मरीजों को काफी समय से लौटा रहे हैं।

प्रदेश में संचालित स्वास्थ्य सहायता योजना में केंद्र का हिस्सा साठ और राज्य का चालीस प्रतिशत होता है। इसके माध्यम से मरीजों का इलाज करने वाले निजी और सरकारी अस्पतालों को उपचार राशि का भुगतान किया जाता है। राज्य में योजना के तहत उपचार के भुगतान की प्रक्रिया अब तक नियमित नहीं हो पाई है। लंबे इंतजार के बाद अस्पतालों को थोड़ी राशि का भुगतान हो रहा है जिसकी वजह से बकाए में कोई कमी नहीं आ रहा है। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि अभी अस्पतालों को 15 सौ करोड़ से अधिक राशि का भुगतान किया जाना है। बकाया राशि अधिक होने की वजह से छोटे अस्पतालों के बाद अब बड़े हास्पिटल भी आयुष्मान से इलाज करने से मना कर चुके हैं। इनमें राजधानी के चार बड़े अस्पताल भी शामिल है जिनका बकाया सौ करोड़ से अधिक का हो चुका है। अस्पताल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि लंबित भुगतान के लिए वे अफसरों से लेकर मंत्री तक मिल चुके हैं मगर अब तक किसी तरह की ठोस पहल नहीं की गई है। इसका असर निम्न और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को ज्यादा तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।



- निजी और सरकारी अस्पताल के 1500 करोड़ से ज्यादा का बकाया

### नई पदाधिकारियों की जिम्मेदारी

स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अस्पतालों को बड़ा भुगतान शेष है। आईएमए के नए पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे समस्याओं को शासन तक पहुंचाएं।

\- डा. राकेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष, आईएमए रायपुर

### बहुतों का शर्तों पर इलाज

राजधानी के कुछ अस्पतालों में आयुष्मान के मरीजों का विभिन्न शर्तों पर इलाज हो रहा है। मसलन उनके कार्ड से बेड चार्ज तो काटा जा रहा है मगर दवाओं सहित जांच के लिए उन्हें अलग से भुगतान किया जा रहा है। कई अस्पताल आधी राशि कार्ड से और आधा भुगतान नगद लेने की शर्तों पर इलाज कर रहे हैं। वहीं कई अस्पतालों ने आयुष्मान योजना के मरीजों के इलाज से साफ इंकार कर दिया है।

### विशेष सहायता के 1193 करोड़ बाकी

इतना ही नहीं आपात स्थिति और बड़ी तरह की बीमारी के उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से भी लोगों की मदद की जाती है। इसके लिए 50 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाता है।
वर्तमान वित्तीय वर्ष में योजना के तहत इलाज के बदले अस्पतालों को करीब 33 करोड़ की राशि दी गई। इसके बाद भी बकाया राशि 1193 करोड़ रुपए अभी भी अस्पतालों को देना बाकी है।

### सरकारी अस्पतालों का भी बकाया

स्वास्थ्य सहायता योजना के लंबित भुगतान की समस्या से निजी ही नहीं सरकारी अस्पताल भी पीड़ित है। राजधानी में मौजूद राज्य के दो बड़े अस्पतालों का बकाया भी डेढ़ सौ करोड़ से अधिक का है। निजी अस्पताल लंबित भुगतान के लिए दबाव बना रहे है मगर सरकारी अस्पतालों के पास विभागीय कृपादृष्टि का ही एकमात्र चारा है।

## पहली बार पकड़े जाने पर संकल्प पत्र भरवाने के साथ दोपहिया में स्टीकर चिपकाएंगे

# बाहर आया हेलमेट का जिन्न, आउटर के बाइकर्स फिर पुलिस के निशाने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

यातायात सप्ताह के बीच ट्रैफिक पुलिस ने एक बार फिर से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने को लेकर बुधवार से कार्रवाई शुरू की है। आउटर में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को चेतावनी देकर समझाइश दी जाएगी। दोबारा पकड़े जाने पर उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस आउटर के पांच स्थानों में हेलमेट पहनने को लेकर अभियान चलाए जाने की बात कह रही है।

ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के अनुसार लोगों को यातायात नियमों का पालन करने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के लोगों को रेड सिग्नल जंप से लेकर रांग साइड वाहन नहीं चलाने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है। शहर के आउटर में सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहन कर वाहन चलाने प्रेरित करने चालानी कार्रवाई शुरू करने की बात कही।

### ज्यादातर मौतें दोपहिया वाहन चालकों की



सड़क दुर्घटना में मरने वाल वाहन चालकों का ट्रैफिक पुलिस ने डेटा जारी किया है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी डेटा के मुताबिक सड़क दुर्घटना में मरने वाले मृतकों की संख्या ज्यादातर दोपहिया वाहन चालकों की है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023 में एक हजार 961 एक्सीडेंट हुई है। इनमें मरने वालों की संख्या 507 थी। इनमें मरने वाले 424 दोपहिया वाहन चलाने वाले लोग थे। इसी तरह से वर्ष 2024 में दो हजार 79 सड़क हादसे हुए इनमें 594 लोगों की मृत्यु हुई है। पुलिस अफसरों के अनुसार हेलमेट पहन दोपहिया वाहन चलाने से सड़क दुर्घटना में मौत की संख्या में 40 से 50 प्रतिशत की कमी आ सकती है।

### इन पांच स्थानों में चल रही है कार्रवाई

बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने ट्रैफिक पुलिस ने चंदनीडीह, भनपुरी तिराहा, विधानसभा रोड, लभांडी चौक तथा बोरियाकला के पास कार्रवाई शुरू की है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार आउटर में ऐसे दोपहिया वाहन चालक जो पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश करते हैं, उन स्थानों को चिन्हाकित कर वहां भी समय-समय पर जांच अभियान चलाने की बात कही।

**संकल्प पत्र भरवाने के साथ स्टीकर लगाएंगे :** पहली बार बगैर हेलमेट के दोपहिया चलाते पाए जाने वाले वाहन चालकों को समझाइश देकर छोड़ा जाएगा। इसके लिए उनसे संकल्प पत्र भरवाया जाएगा। इसके साथ ही पहली बार दोपहिया वाहन चलाते पकड़े जाने की पहचान करने पुलिस उस दोपहिया वाहन चालक के वाहन में स्टीकर लगाएगी, जिससे दोबारा बगैर हेलमेट वाहन चलाते पकड़े जाने पर कार्रवाई की जा सके।

# आटा चक्की सील, शराब दुकान संचालक पर 20 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम की टीम ने बुधवार को दुबे कालोनी मोवा मुख्य मार्ग पर एक ऑटा चक्की के संचालक पर कार्रवाई करते हुए उसकी दुकान को सीलबंद किया है। बताया गया कि दीपक ऑटा चक्की में लगी मशीन के वाइब्रेशन के कारण दुकान के पीछे लगे घर की दीवार में दरारें पड़ गई हैं। इसकी शिकायत आने पर निगम ने ऑटा चक्की के संचालक को पूर्व में नोटिस भी जारी किया था। इस नोटिस के बाद भी ऑटा चक्की को बंद नहीं किया जा रहा था।



### वेस्ट कचरा-डिस्पोजल को जलाने पर शराब दुकान संचालक पर लगाया जुर्माना

निगम के स्वास्थ्य विभाग को शिकायत मिली थी कि राज टॉकीज के पास देशी शराब दुकान परिसर में हर रोज कचरा और डिस्पोजल को जलाकर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। इस शिकायत पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डा. तृप्ति पाणीग्रही ने जोन-4 स्वास्थ्य अधिकारी को इसका निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। टीम की जांच में शिकायत सही पाई गई, जिस पर कार्रवाई करते हुए शराब दुकान संचालक पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

# निकायों के 139 ठेकेदारों ने श्रम विभाग में नहीं कराया पंजीयन, विभाग ने मजदूर हटाने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों रायपुर नगर निगम, बीरगांव निगम, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत मंदिर हसौद, माना कैंप और खरोरा में काम कर रहे ठेकेदारों ने अपने मजदूरों का पंजीयन श्रम विभाग के भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल में नहीं करवाया है। इस मामले को लेकर मंडल ने ठेकेदारों के चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने जल्द पंजीयन नहीं कराया, तो उनके निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों के नियोजन को बाधित किया जा सकता है।

### ये है मामला

भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम के तहत किसी भी निर्माण की कुल लागत( भूमि की लागत को छोड़कर) का एक प्रतिशत उपकर की कटौती कर मंडल को देने का प्रावधान है। यह अधिनियम सरकार के या किसी सार्वजनिक उपक्रम के द्वारा कराए जा रहे भवन या अन्य सन्निर्माण कार्य के लिए प्रमुख नियोजक का यह दायित्व है कि वह अपने अधीनस्थ ठेकेदार जिसे कार्य निर्माण के लिए अनुबंधित किया गया से कुल लागत का एक प्रतिशत उपकर प्रमुख नियोजक द्वारा ठेकेदार को भुगतान करते समय ही कटौती कर मंडल को राशि देना है। रायपुर जिले के इन निकायों के ठेकेदारों का 1 अप्रैल 2023 से 31 जून 2024 के बीच किए गए के लिए एक प्रतिशत अग्रिम उपकर जमा कराया गया है। लेकिन इन ठेकेदारों ने श्रम विभाग में अपना पंजीयन नहीं कराया है। नियम के मुताबिक निर्माण कार्य प्रारंभ करने के 60 दिनों के भीतर स्थापना का पंजीयन कराना बाध्यकारी है।

### रायपुर जिले के 139 ठेकेदारों पर हो सकती है कार्रवाई

छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग
CHHATTISGARH GOVERNMENT
LABOUR DEPARTMENT

### मजदूरों का नियोजन हो सकता है बाधित

60 दिनों के भीतर स्थापना का पंजीयन नही कराने वाले 139 ठेकेदारों ने पंजीयन न करना के संबंध में कोई अपील भी पेश नहीं की है। ऐसे में अधिनियम की धारा 10 के अनुसार समयावधि में पंजीयन न कराने पर प्रमुख नियोजक या नियोजक के असफल रहने की स्थिति में निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों के नियोजन को बाधित किया जा सकता है। इसके साथ ही अधिनियम की धारा 50 के प्रावधान के अनुसार अर्थदंड भी दिया जा सकता है।

### 139 ठेकेदारों ने नहीं कराया पंजीयन

इस मामले को लेकर संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने आयुक्त नगर निगम रायपुर, बीरगांव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका मंदिर हसौद, नगर पंचायत माना कैंप एवं खरोरा को पत्र जारी कर कहा है कि वे तत्काल श्रम विभाग में स्थापनाओं का पंजीयन कराएं। खास बात ये है कि रायपुर जिले के इन निकायों के 139 ठेकेदारों ने श्रम विभाग ने पंजीयन नहीं कराया है। श्रम विभाग ने इन ठेकेदारों की सूची नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को जारी की है।

## खबर संक्षेप

### गुरेदा (डंगनिया) में तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन आज से

**अंडा।** ग्राम गुरेदा (डंगनिया) में शुभम लाभम मानस प्रचार समिति और समस्त ग्रामवासियों द्वारा तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन 10, 11 और 12 जनवरी को किया जा रहा है। सिया के राम मानस परिवार गुरेदा के मानस प्रशिक्षु लेखराम कुम्भकार ने बताया कि 14 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक नाच पार्टी रंग धारा ओनवा रवेली जिला गरियाबंद की मनमोहक प्रस्तुति भी होगी।

### ग्राम हल्दी में संगीतमय मानस उत्सव कल से

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम हल्दी में दो दिवसीय भव्य संगीतमय मानस उत्सव का आयोजन 11 एवं 12 जनवरी को किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच खोमेश्वर दामले होंगे, अध्यक्षता रामनारायण सिन्हा करेंगे।

### ग्राम देवगहन में मड़ई-मेला 12 को

**अंडा।** समस्त ग्रामवासी देवगहन (अर्जुंदा) द्वारा मड़ई मेला का आयोजन 12 जनवरी को किया जा रहा है। इस दिन रात्रि में गरियाबंद जिले ओनवा रवेली के रंगधारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य पोसू विश्वकर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए आस पास के लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

### भोथीपार में मानस गान प्रतियोगिता 18 से

**गुण्डरदेही।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम भोथीपार में त्रि दिवसीय स्वर मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 18, 19 एवं 20 जनवरी को रखा गया है। इसके साथ ही 20 जनवरी को ग्राम में मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें रात्रि में कार्यक्रम अजय माला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी की प्रस्तुति होगी।

### चारागाह और मुक्तिधाम की जमीन एलॉटमेंट का विरोध

**रायपुर।** ग्राम पंचायत कन्हेरा विकास खण्ड धरसीवा के चारागाह और मुक्तिधाम की ज़मीन को सरकार के द्वारा व्यापारियों को बिजली देने के लिए विद्युत विभाग को देने के विरोध में किसान नेता चंद्रशेखर शुक्ला के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ रायपुर कलेक्टर से मिलकर ज्ञापन सौंपा। किसान नेता चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत चारागाह की ज़मीन को सुरक्षित रखने का आदेश को भी अनदेखा कर जमीन एलाट करना गलत है। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर एवं ग्रामीणों के साथ अपनी बातों को रखकर कलेक्टर से एलाटमेट निरस्त करने का आग्रह किया। उनके साथ ग्राम पंचायत कन्हेरा के सरपंच आस्मीन सुखनंदन जांगड़े, जनपद सदस्य ईश्वर निषाद, समस्त पंच और सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 12 से 14 तक

**रायपुर।** राज्य के युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता, सामुदायिक सहभागिता में बढ़ोत्तरी और उन्हें राज्य की कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में जोड़ने के उद्देश्य से राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 12 से 14 जनवरी तक किया जाएगा। युवा महोत्सव में जिला और ब्लॉक स्तर पर हुए युवा उत्सव के विजेताओं को इस राज्य स्तरीय आयोजन में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

### कलेक्टर से चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने कहा, चेकडेम बन जाने से मिलेगा लाभ

# पेटेचुआ पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल, बूढ़ाराव नाला में बन रहे चेकडेम का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुरूर विकासखण्ड के प्रवास के दौरान पगडंडी मार्ग से होते हुए सुदूर वनांचल के आदिवासी बाहुल्य के ग्राम पेटेचुवा पहुँचकर वहाँ घने जंगलों के बीच बूढ़ाराव नाला में निर्माणाधीन चेकडेम का निरीक्षण किया। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के सहायक परियोजना अधिकारी ओमप्रकाश साहू से निर्माण कार्य के प्रगति एवं चेकडेम के निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी ली। सहायक परियोजना अधिकारी साहू एवं मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में बूढ़ाराव नाला में चेकडेम का निर्माण नहीं होने से यहाँ का पानी बड़ी नाली में बह जाता है। इसके साथ ही नाले के तेज बहाव के कारण बहुतायत में होने वाले मिट्टी कटाव से किसानों का खेत भी पट जाता है। किसानों ने बताया कि आसपास के खेतों को फसल उत्पादन के लिए समुचित मात्रा में पानी भी नहीं मिल पाता है। उन्होंने बताया कि इस चेकडेम के निर्माण हो जाने से किसानों को सिंचाई के लिए समुचित मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा समुचित मात्रा में पानी का प्रबंध होने से किसान खरीफ सीजन में धान के अलावा ग्रीष्मकालीन फसल के साथ–साथ दलहन एवं तिलहन फसल का भी उत्पादन कर सकते हैं। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित किसानों को चेकडेम के निर्माण कार्य पूरा हो जाने के पश्चात धान के अलावा दलहन, तिलहन एवं शाक–सब्जियों का भी उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया।

■ कलेक्टर ने दलहन, तिलहन व सब्जियों का उत्पादन करने किया प्रेरित

### सामूहिक खेती के भी उपाय सुनिश्चित करें

कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को चेकडेम के निर्माण कार्य पूरा हो जाने के पश्चात इस स्थान पर उत्पादन में वृद्धि एवं किसानों के आय बढ़ाने के लिए सामूहिक खेती के भी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारियों को इस स्थान का विजिट कराकर इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित किया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी ओपी साहू ने बताया कि इस चेकडेम निर्माण कार्य पूरा हो जाने से निचले हिस्से के खेतों के भूजल स्तर में वृद्धि हो जाने के साथ–साथ पर्याप्त नमी भी रहेगी। इस मौके पर ग्राम पंचायत बड़भूम के सरपंच, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## विकासखण्ड में पुंगानुर नस्ल की पहली बछिया ने लिया जन्म, पशु चिकित्सा विभाग को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर



विकासखण्ड में पुंगानुर नस्ल के पहले बच्चे के जन्म से पशुपालकों में प्रसन्नता का माहौल है। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशुपालकों की मांग पर आंध्रप्रदेश से विशेष रूप से पुंगानुर नस्ल का बीज मंगवाया गया था। विभाग के पहले ही प्रयास में यह बड़ी सफलता मिली है। यह खुशी इसलिए भी अधिक है क्योंकि नवजात पुंगानुर बच्चा मादा है, इस समाचार से पशु चिकित्सा विभाग में भी हर्ष व्याप्त है।

गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व जब देश के प्रधानमंत्री को देशवासियों ने पुंगानुर नस्ल के गायों के साथ देखा था तब क्षेत्रवासियों को पुंगानुर नस्ल की गाय के संबंध में जानकारी हुई थी। इसके बाद से क्षेत्र में पशुपालकों में पुंगानुर नस्ल की गाय के प्रति आकर्षण बढ़ा था। इस नस्ल की गाय की अधिकतम ऊंचाई 3 फीट ही होती है। यह देखने में बहुत ही सुंदर एवं शांत प्रकृति की होती है। इसके दूध की गुणवत्ता सर्वोत्तम बताई गई है, जिसके कारण पशुपालक इसे पालना चाहते थे। लेकिन इस नस्ल की गाय की वर्तमान में कीमत चार लाख तक बताई जा रही है, जिसके कारण पशुपालक इसका क्रय करने से पीछे हट गए। पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने इसका विकल्प तैयार कर पुंगानुर नस्ल के बीच मंगवाकर उसका कृत्रिम गर्भाधान कराया। अब उसमें सफलता भी मिलने लगी है।

### साढ़े नौ माह बाद 8 जनवरी 2025 को हुआ जन्म

विकासखण्ड के ग्राम कोसागोंदी के पशु पालक पन्नुराम साहू की गाय में क्षेत्र के एवीएफओ विवेक देवांगन ने पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके विश्वकर्मा एवं डॉ अभिषेक मिश्रा के मार्गदर्शन में पुंगानुर नस्ल के बीज का कृत्रिम गर्भाधान 23 मार्च 2024 को किया गया था, जिसका जन्म साढ़े नौ माह बाद 8 जनवरी 2025 को हुआ है। विकासखण्ड में पुंगानुर नस्ल की यह पहली बछिया है। इस सफलता से पशुपालक सहित पशु चिकित्सा टीम भी उत्साह से भर गई है। विभाग द्वारा दर्जन भर अन्य पशुपालकों के आग्रह पर उनकी गाय में पुंगानुर नस्ल के बीज डाले गए हैं, अब पशुपालकों व विभाग को इसकी सफलता का इंतजार है।

## निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस कराएगी सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नगरीय निकायों का आरक्षण पूरा होने के बाद अब प्रत्याशियों की स्थिति लगभग क्लीयर हो गई है। कांग्रेस प्रदेश के जिन 10 नगरीय निकाय में चुनाव होना है, वहां प्रत्याशियों का सर्वे कराने के बाद जीतने लायक प्रत्याशी को मैदान पर उतारेगी। कांग्रेस ने जिला पदाधिकारियों और प्रदेश पदाधिकारियों के माध्यम से कराए जाने वाले सर्वे में वार्ड पार्षदों से लेकर अन्य पदों के लिए सक्रिय लोगों को ही चुनाव में मौका देगी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगरीय निकाय के प्रत्याशियों को लेकर पार्टी जीत की सक्षमता और सक्रियता नजर रखेगी। निकाय चुनाव में कांग्रेस में भितरघात न हो इसके लिए प्रदेश स्तर की समिति यह तय करेगी कि किन्हें चुनाव लड़ाया जाए। बताया गया है कि पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को मैदान में उतारा जाएगा। वहीं पंचायत चुनाव में भी पार्टी समर्थित लोगों को आगे लाकर चुनाव लड़ा जाएगा।



### महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव अर्पणा ने की दावेदारी

आरक्षण तय होने के बाद महिला कांग्रेस की कई पदाधिकारियों ने अपनी दावेदारी की है। इनमें से कुछ महिला नेत्रियों ने नेताओं से मुलाकात करने लगे हैं। महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव अर्पणा संचेती ने महापौर पद के लिए दावेदारी की है। उन्होंने पूर्व उत्तर विधानसभा से भी टिकट की मांग की थी। महिला कांग्रेस की अन्य पदाधिकारियों में संगीता दुबे, प्रगति वाजपेयी ने भी दावेदारी की है।

### पीसीसी अध्यक्ष 12 को आएंगे

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर दौरे पर हैं। वे वहां से 12 जनवरी को लौटेंगे। 12 जनवरी के बाद नगरीय निकाय चुनाव के दावेदारों के संबंध आने वाले बायोडाटा को देखने के बाद उनमें से नामों की सूची बनेगी। सूची प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति के सामने रखने के बाद नामों का पैनल तैयार होगा, जिसमें से एक नाम को फाइनल किया जाएगा।

## धान खरीदी के मुकाबले उठाव में सुस्ती 1133 समितियों में अब भी बफर स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



राज्य में अब तक लगभग 106 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के साथ ही उठाव का काम धीमी गति से होने के बाद अब भी 1133 खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक की स्थिति है। कई समितियों में धान रखने की जगह न होने के कारण खरीदी भी प्रभावित हो रही है। बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, बीजापुर सहित कई जिलों की कई समितियों में खरीदी नहीं हो पा रही है। जिला अधिकारियों द्वारा डीओ-टीओ जारी किए जाने के बाद उठाव नहीं हो पा रहा है। बताया गया है कि अब तक 46 प्रतिशत उठाव हो पाया है।

धान खरीदी का कार्य अभी 31 जनवरी तक चलेगा। अब केवल 15-16 दिन की खरीदी शेष है। अब तक कुल लक्ष्य का 66 प्रतिशत धान की खरीदी पूरी हो चुकी है। प्रतिदिन सवा 3 लाख टन खरीदी होने से आने वाले दिनों में लक्ष्य पार हो जाएगा। बताया गया है कि 27.75 लाख से अधिक पंजीकृत किसानों में से 20.57 लाख किसान अपना धान बेच चुके हैं। अब केवल 7 लाख से अधिक किसान धान बेचने के लिए शेष हैं। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स धान का उठाव भी तेजी से कर रहे हैं। अब तक 49.15 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

### कस्टम मिलिंग में देर

बताया गया है कि डीएमओं के द्वारा जिलों में समितियों में बफर स्टॉक कम करने लगातार उठाव के निर्देश मिलरों को दिए गए है। मिलर द्वारा उठाव के कारण अभी मिलिंग के काम में तेजी नहीं आई है। ऐसे में केंद्रीय पूल और नान में चावल का लाट जमा नहीं हो पा रहा है। खरीदी के बाद मिलरों को चावल जमा करना होगा।

### कस्टम मिलिंग की समीक्षा आज

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में खरीफ विपणन वर्ष की धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग की नीति की समीक्षा कर सुझाव देने के लिए गठित मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक गुरुवार को बुलाई गई है। बैठक शाम 4 बजे से मंत्रालय में होगी। मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा शामिल होंगे।

## सरकारी कर्मियों के जीपीएफ खातों में गड़बड़ी, महालेखाकार ने कहा अफसरों ने नियम को किया दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



छत्तीसगढ़ में सरकारी कर्मियों के सामान्य भविष्य निधि खातों (जीपीएफ) में गड़बड़ी की बात सामने आई है। महालेखाकार ने इस संबंध में सरकार के वित्त विभाग को बताया है कि जीपीएफ खातों के समुचित रखरखाव के लिए समय-समय पर जारी किए गए दिशा निर्देशों का आहरण एवं संवितरण अधिकारियों तथा अभिदाताओं द्वारा पूरी तरह पालन न किए जाने की वजह से जीपीएफ के त्रुटिपूर्ण खाते संधारित हो रहे हैं। इसकी वजह से खातों में ऋणात्मक शेष की स्थिति निर्मित होती है। यह गड़बड़ी सामने आने पर वित्त विभाग ने सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी कमिश्नर, कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं।

### अब देयक सिर्फ ऑनलाइन ही तैयार होंगे

महालेखाकार द्वारा जीपीएफ खातों में गड़बड़ी की बात उजागर करने के बाद वित्त विभाग ने खातों में ऋणात्मक शेष को रोकने के लिए निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में सबसे पहले कहा गया है कि जीपीएफ के आहरण संबंधी सभी देयक सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से ही तैयार किए जाएं। महालेखाकार के आंकड़े तथा अभिदाता के खाते की शेष राशि में यदि भिन्नता है तो आवश्यक दस्तावेज के साथ आकंड़ों का फिर से मिलान किया जाए। इसके साथ ही देयक की स्वीकृति से पहले एजी स्लिप, पासबुक, ऑनलाइन जीपीएफ सब्सक्रिप्शन न्यूनतम शेष के आधार पर राशि का आहरण स्वीकृत किया जाए। सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी जीपीएफ के नियमानुसार पास बुक संधारण संबंधी उत्तरदायित्व का निर्वहन तथा राज्य के शासकीय सेवकों को सामान्य भविष्य निधि का अंतिम भुगतान करने के संबंध में वित्त विभाग के परिपत्र में जारी निर्देश का कड़ाई से पालन किया जाए।

## पेज 9 के शेष

### पलारी में तीन दिवसीय ...

के अध्यक्ष टेकलाल सोनबेर, उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष संतोष गंगबेर, सचिव राजेन्द्र महमल्ला, सहसचिव यानेश सोनकलिहारी, सदस्य सुरेश साहू, नंद कुमार, बसंत साहू, रविकांत साहू, टेकलाल सोनबेर बाल समाज लीला मंडली, ऊर्जावान युवा मित्र मंडल, महिला मंडल, रामधुनी मंडली, श्रीराम सेना पलारी कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ...

अनारक्षित मुक्त होगा जिसके अंतर्गत ग्राम फागुनदाह, पेरपार, उसरवारा है। क्षेत्र कमांक 16 में अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है जिसके अंतर्गत ग्राम चिटौद, चंदनबिरही, बागतराई है। क्षेत्र क्रमांक 17 पिछड़ा वर्ग महिला होगा जिसके अंतर्गत मिर्रीटोला, आनंदपुर, बोरिदकला, कुम्हारखान सम्मिलित हैं। क्षेत्र क्रमांक 18 अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है जिसमे ग्राम कनेरी, कुलिया, बोहारडीह है। क्षेत्र क्रमांक 19 अनुसूचित जनजाति महिला होगा अंतर्गत बालोदगहन, करेंझर, भेजामैदानी, कोचवाही, पोंण्ड है। क्षेत्र क्रमांक 20 अनुसूचित जनजाति मुक्त किया गया है, जिसके अंतर्गत नारागांव, बड़भूम, हितेकसा, धानापुरी, मुड़गहन सम्मिलित है। क्षेत्र क्रमांक 21 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हुआ है जिसके अंतर्गत ग्राम मोखा, कन्हापुरी, दरगहन, कोलिहामार आते हैं।

### मंत्रिमंडल विस्तार का काउंटडाउन हुआ शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के पहले मंत्रिमंडल विस्तार का काउंटडाउन शुरू हो गया है। इसी बीच भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन रायपुर पहुंचे हैं, उनकी मुख्यमंत्री श्री साय के साथ मुलाकात हुई है। इस मुलाकात के दौरान मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बातचीत होने की संभावना है। इसके बाद श्री नबीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात भी करने वाले हैं। इस चर्चा में नए मंत्रियों के नाम पर सहमति बन सकती है। यह भी कहा जा रहा है कि राज्य में हरियाणा फार्मूले पर दो की जगह तीन मंत्री बनाए जा सकते हैं।

राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पिछले कई दिनों से चर्चा चल रही है।

### 11 से 25 जनवरी तक भाजपा का संविधान गौरव अभियान

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 11 से 25 जनवरी तक भारतीय संविधान के 75वें वर्ष की गौरवशाली यात्रा के परिप्रेक्ष्य में संविधान गौरव अभियान का आयोजन किया जा रहा है। पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी इस आयोजन की व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस अभियान के सफल संचालन के लिए प्रदेशस्तरीय समिति भी गठित की गई है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री रोहरा ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव के निर्देशानुसार संविधान गौरव सम्मान अभियान के लिए गठित प्रदेशस्तरीय समिति के संयोजक पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल बनाए गए हैं। भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब समिति के सह संयोजक होंगे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अर्जुंदा में पीएम आवास का लक्ष्य पूर्ण

**अर्जुन्दा।** राज्य शहरी विकास अभिकरण नवा रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण बीएलसी घटक अंतर्गत नगर पंचायत अर्जुन्दा को नवंबर 2024 तक 11 आवास पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया था। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलाप कुमार यदु, उपअभियंता रेखलाल सिनहा द्वारा प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से लगातार संपर्क कर उनकी समस्या सुनकर उसका निराकरण करते हुए निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके फलस्वरूप दिये गए लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण कर लिय गया। हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास का लाभ प्रदान करने पर हर्ष व्यक्त किया है।

### पीएचसी कुरदी की ओर से दृष्टि दोष पीड़ित बच्चों को दिया गया चश्मा



**बालोद/सिकोसा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरदी द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला चौरेल के दृष्टि दोष से पीड़ित बच्चों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। इसके साथ ही उन्हें चश्मे का नियमित उपयोग करने की समझाइश दी गई। बता दें कि सिकोसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरदी द्वारा बीते सितंबर माह में पूर्व माध्यमिक शाला चौरेल के स्कूली बच्चों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया था। नेत्र परीक्षण के दौरान कुछ बच्चे दृष्टि दोष से पीड़ित पाए गए थे, जिन्हें अब निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल स्टाफ एवं शिक्षक उपस्थित थे।

### 3 दिवसीयलोककला महोत्सव कल से

**बालोद/कलंगपुर।** गौरव ग्राम मोखा विकासखंड गुण्डरदेही में लोककला महोत्सव का आयोजन 11 से 13 जनवरी तक किया जाएगा। इस दौरान विविध रंगारंग लोक संस्कृति से संबंधित कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति होगी। आयोजन समिति के द्रोणकुमार सार्वा ने बताया कि इस अवसर पर 11 जनवरी को राउत नाचा खजरी, श्रीराम मानस पार्टी पिपरहट्टा, बस्तरहिन रामधूनी मंडली वनाँचल मोहला व लोक सांस्कृतिक कर्मा नृत्य की प्रस्तुति होगी। 12 जनवरी को आदिवासी लोकनृत्य सरईटोला, भोजली, बांसगीत परसमनी मानस परिवार रायपुर, संगी जहुरिया रामधूनी गोजी, महाभारत पंडवाणी कंकालीन की प्रस्तुति होगी। तीसरे दिन 13 जनवरी को भरथरी, गम्मत झन भूलो माँ बाप ल नाचा पार्टी पचपेड़ी, जय गुरुदेव मानस संकीर्तन छुरा, विद्यादायिनी जस झांकी परिवार धनडोंगरी का आयोजन होगा। 14 जनवरी को ग्राम मोखा में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस उपलक्ष्य में रात्रि में सालहे टोला नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

**प्रवचन : ग्राम खर्रा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक ने बताई भक्त की महिमा**


# भक्त के वश में होते हैं भगवान : पं नवीन कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भक्त के वश में होते हैं भगवान। जब भक्ति प्रबल हो जाती है तो भगवान विदुरानी के हाथों से केले के छिलके को भी ग्रहण कर लेते हैं, सबरी के जूठे बेर भी प्रेम से स्वीकार करते हैं। भगवान से ज्यादा भक्त की महिमा है। भक्त है, तो भगवान है। माता कर्मा के हाथों की खिचड़ी भी भगवान चाव से खाते हैं।

उक्त बातें ग्राम खर्रा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में पंडित नवीन कृष्ण जी महाराज ने कही। पंडित नवीन कृष्ण जी ने कहा कि जब भी भगवान को भोग लगाओ, तो थोड़ी देर के लिए पट बंद कर देना चाहिए। निष्काम भाव से जब भगवान को बुलाओ तो भगवान को भक्त की पुकार सुननी पड़ती है। भक्ति जब प्रेम आस्था के पार हो जाती है, तो भगवान भक्त के काम को स्वयं अपने हाथों में ले लेते हैं। पंडित नवीनकृष्ण जी ने गोवर्धन कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पूजन कर संसार को प्रकृति पूजा का संदेश देते हुए प्रकृति पूजन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सनातन संस्कृति में ही संभव है, जहां हम सभी की पूजा करते हैं। नदी, सरोवर, पहाड़, पेड़, जीव जंतु की पूजा करते हैं। इनकी पूजा के माध्यम से हमें भगवान ने बताया कि प्रकृति से जुड़े सभी जीवों की रक्षा करनी चाहिए।





### धार्मिक स्थलों, नदियों की पवित्रता का रखें ध्यान

पंडित नवीन कृष्ण जी महराज ने राजिम स्थित भगवान राजीव लोचन की कथा सुनाते हुए उसके महात्म्य को बताया। उन्होंने कहा कि यहां से मथुरा, काशी दूर हो सकता है, लेकिन राजिम निकट है। हमें अपने धर्म पर गर्व होना चाहिए, अपने धार्मिक स्थलों, नदियों की पवित्रता का ध्यान रखना चाहिए। ऐसे धार्मिक स्थलों में स्वयं जाएं, बच्चों को भी ले जाएं। बच्चों को अपनी संस्कृति, सभ्यता, परंपरा, धार्मिक कार्यों से अवगत कराएं। उन्होंने श्री कृष्ण द्वारा गोवर्धन को कनिष्ठा अंगुली पर धारण करने की कथा सुनाते हुए कहा कि जब भक्त की निष्ठा प्रबल होगी, तो कनिष्ठा में भी भगवान उठ जाते हैं। बता दें कि भागवत कथा का आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से आयोजन समिति संरक्षक प्रभुराम साहू, अध्यक्ष तेजराम साहू, उपाध्यक्ष गोविंद राम साहू, सचिव रोहित सिन्हा, सहसचिव विदेशी राम एवं कोशाध्यक्ष जीवन लाल व सदस्यों द्वारा किया गया।

### मित्रता सुदामा और श्री कृष्ण की तरह करनी चाहिए : पं भूपेंद्र







**अंडा।** ग्राम समोदा में श्रीमद् भागवत कथा में गुरुवार को कथा व्यास पंडित भूपेंद्र पांडे ने सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष का विस्तार से वर्णन किया। इसके साथ ही उन्होंने श्री कृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया। पंडित भूपेंद्र ने कहा कि मित्रता सुदामा और श्री कृष्ण की तरह करनी चाहिए। जात पांत, ऊंच-नीच के भेद भाव से हट कर मित्र के अंतःकरण के भाव को समझने वाले, जो सुख-दुख में अपने मित्र के कंधे से कंधा मिलाकर चले और आपस में अपनत्व का भाव बना रहे। इस अवसर पर खोरबहारा देशमुख, कुमार देशमुख, नरोत्तम निषाद, तिलक विश्वकर्मा, अर्जुन यादव, हेमंत दिल्लीवर, जितेंद्र देशमुख, रागिनी देशमुख, बलदाऊ देशमुख, लक्ष्मण देशमुख सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है



**गुरूर।** ग्राम मोखा में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन बुधवार को कथा वाचक पंडित राजा महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान श्री कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें कहा कि जब गरीबी में रह रहे थे, तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। उन्होंने बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। कथा वाचक महराज ने बताया कि भागवत कथा का श्रवण से मन आत्मा को परम सुख की प्राप्ति होती है। भागवत में बताए उपदेशों उच्च आदर्शों को जीवन में ढालने से मानव जीवन जीने का उद्देश्य सफल हो जाता है। सुदामा चरित्र के प्रसंग में कहा कि अपने मित्र का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है। मित्र वह है जो अपने मित्र को सही दिशा प्रदान करे, जो की मित्र की गलती पर उसे रोके और सही राह पर चलने में उसका सहयोग दे।



## अछोटी में शुरू हुआ 20-20 क्रिकेट महासंग्राम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

नव आलोक क्रिकेट क्लब अछोटी द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 20-20 क्रिकेट महासंग्राम 2025 का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन में विजेता टीमों को नकद राशि एवं आकर्षक पुरस्कार दिया जायेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। हार व जीत खेल का अभिन्न हिस्सा है। जीत से खिलाड़ियों को अति उत्साहित तथा हार से निराश नहीं होना चाहिए। वहीं आयोजन समिति को भी सभी टीमों को उचित व्यवहार के साथ खेलाना चाहिए, जिससे आपसी प्रेमभाव बढ़े।

केशव बंटी हरमुख ने कहा कि युवाओं द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन से क्रिकेट खिलाड़ियों को अपना खेल प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि खेलों में प्रतिभागिता करते रहने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर पूर्व समिति अध्यक्ष शिव नारायण दिल्लीवार, जनपद सदस्य ज्ञानेश्वर मिश्रा, मुरली मनोहर देशमुख, नेम लाल देशमुख, हरीश, अवेन्द्र दिल्लीवार, दयालु राम देशमुख, चोवाराम दिल्लीवार, मन्नू लाल कोशे, विश्वनाथ धीवर, बलराम दिल्लीवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## ट्रिपल इंजन की सरकार से बालोद का होगा चहुंमुखी विकास : डॉ टुवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- भाजपा जिला महिला मोर्चा महामंत्री ने कहा सरकार की योजनाओं से लोगों को मिल रहा लाभ

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आगामी कुछ दिनों में होना है। इसके तहत नगर पालिका परिषद बालोद का भी चुनाव होगा। बालोद में लोगों की मानसिकता है कि ट्रिपल इंजन की सरकार ही बालोद का चहुंमुखी विकास कर सकती है। यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में शहर में बेहतर माहौल बना हुआ है। यह बातें भाजपा जिला महिला मोर्चा महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने कहीं। डॉ टुवानी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में है, इसके साथ ही राज्य में भी विष्णु देव साय की भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। देश में व प्रदेश में भाजपा की सरकार के बाद अब लोगों का मानना है कि नगर पालिका बालोद में भी भाजपा की सरकार होनी चाहिए। इससे बालोद का तीव्र गति से विकास होगा। डॉक्टर टुवानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सभी वर्गों के लिए बेहतर काम किया है। महतारी वंदन योजना से लेकर गांव गरीब किसान के लिए लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। महतारी वंदन योजना से जहां महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हुईं है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान पाकर आज गांव में भी और शहर में भी गरीब खुश हैं। यही कारण है कि आगामी नगर पालिका चुनाव और पंचायत चुनाव में भी भाजपा के पक्ष में लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में बालोद नगर पालिका क्षेत्र का विकास थम सा गया है, यहां विकास को गति देने यहां की जनता अब चाहती है कि यहां भी अब भाजपा की सरकार बने।



### धोबनपुरी में गायत्री महायज्ञ 11 व 12 को

**गुरूर।** ग्राम धनोरा हीरक मण्डल धोबनपुरी में गायत्री परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत पुराण कथा, पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कथा का आयोजन 11 व 12 जनवरी को किया गया है। 11 जनवरी को सुबह 10 बजे मंगल कलश यात्रा, दोपहर 3 बजे से अतिथि सत्कार, देव स्थापना, प्रज्ञा पुराण की कथा एवं संध्या 5 बजे से दीप यज्ञ संपन्न होगा।

12 जनवरी को सुबह 6 बजे ध्यान साधना योग व्यायाम, प्राणायाम, सुबह 9 बजे से पांच कुण्डलीय गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार, दोपहर 4 बजे से प्रज्ञा पुराण कथा एवं टोली की विदाई होगी। कथावाचक शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि होंगे।

## जल जीवन मिशन से दूर हुई सुंदरा के ग्रामीणों की समस्या, अब घर में ही मिल रहा शुद्ध पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- योजना का समय पर सफल क्रियान्वयन होने से मिल रहा लाभ



देश के प्रत्येक परिवारों को उनके घर पर ही शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर उनकी सेहत की सुरक्षा, समय एवं श्रम की बचत करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई जल जीवन मिशन अत्यंत महत्वाकांक्षी साबित हो रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना का दूरगामी परिणाम पूरे देश के साथ–साथ छत्तीसगढ़ राज्य सहित बालोद जिले में भी देखने को मिल रहा है।

बालोद जिले में राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप वर्षों से शुद्ध पेयजल की प्रबंध करने की कठिनाईयों से जूझ रहे बालोद विकासखण्ड के ग्राम सुंदरा के ग्रामीणों के लिए राष्ट्रीय जल जीवन मिशन आज संजीवनी साबित हो गया है। आज से कुछ समय पूर्व तक पेयजल एवं निस्तारी के प्रबंध के लिए कुएं, तालाब एवं हैण्डपंप आदि परंपरागत स्त्रोतों पर निर्भर रहने वाले ग्राम सुंदरा के ग्रामीणों के लिए अपने घर पर ही शुद्ध पेयजल की प्रबंध करना मात्र कोरी कल्पना थी। लेकिन इस समस्या के निराकरण के लिए ठोस योजना बनाकर धरातल पर इनके सफल क्रियान्वयन के कारण गांव के गरीब किसान, मजदूर सहित संपूर्ण ग्रामवासियों का सपना आज हकीकत में चरितार्थ हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि हमारे ग्राम सुंदरा में निर्धारित समयावधि में जल जीवन मिशन के कार्यों का सफल क्रियान्वयन होने से सभी घरों में पेयजल एवं निस्तारी के लिए पर्याप्त पानी पहुँचने से हम सभी ग्रामीण बहुत ही उत्साहित है।

## भाजपा नेताओं ने की केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के स्वागत की तैयारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का नगपुरा छत्तीसगढ़ में प्रथम आगमन होगा। इस अवसर पर उनके भव्य स्वागत के लिए जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने गुरुवार को जामगांव आर में मंडल स्तरीय बैठक लेकर संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने मंत्री श्री चौहान के आगमन पर स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के स्वागत में उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया। इस बैठक में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू का भी विशेष मार्गदर्शन मिला। बैठक में भाजपा नेता लालेश्वर साहू, निर्मल जैन, भगवान सिंह चंद्राकर, कन्हैया लाल साहू, रवि सिन्हा, जिनेश जैन, अंगेश्वर साहू, नरेश केला, बेनीराम साहू, अभिषेक सेन सहित समस्त भाजपा जामगांव आर मंडल के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**ग्राम पसौद में पांच दिवसीय 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ जारी**

# वेदों में गाई गई है गायत्री मंत्र की महिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ग्राम पसौद में संगीतमय पांच दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा चल रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल हो रहे हैं।

कार्यक्रम को संचालित करने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार की प्रतिनिधि टोली सुरेश की टोली का आगमन हुआ है। कार्यक्रम में आचार्य ने गायत्री के संबंध में विस्तार करते हुए कहा कि परमात्मा चेतना का एक अंश गायत्री है। जो प्राण को त्राण करने वाली महाशक्ति है। जिसमें निर्माण शक्ति ब्रह्मा, पोषण शक्ति विष्णु तथा संहार शक्ति के रूप में शिव तथा सरस्वती, लक्ष्मी और काली के रूप में त्रिपदा गायत्री के रूप में वेदों में महिमा गायी गई है। महामंत्र जितने जग माही, कोऊ गायत्री सम नाही। दुनिया में गायत्री मंत्र के समान कोई दूसरा मंत्र नहीं है। गंगा को धरती पर अवतरित करने के लिए भागीरथ को हजारों वर्षों तक तपस्या करना पड़ा जिसके परिणाम स्वरूप उनके कई पीढियों का तरण हुआ इस प्रकार से इस कलयुग में नवयुग की गंगोत्री से ज्ञान रूपी गायत्री गंगा का अवतरण करने के लिए इस युग के भागीरथ वेद मूर्ति,तपोनिष्ठ, आचार्य पं श्री राम शर्मा जी ने कठोर त्याग ,तपस्या और प्रबल पुरुषार्थ किया।

जिसके परिणामस्वरूप आज करोड़ व्यक्ति नेक रास्ते पर चलने के लिए संकल्पित हुए और सुखी समुन्नत जीवन जी रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मया राम, शंकर यदु,केसर यदु, प्रतिमा देवांगन, राधा पटेल, सुनीता यदु, महेश्वरी, हिना, टोमेश्वरी, लक्ष्मी पटेल सहित सभी परिजनों का विशेष सहयोग रहा।



